# 'राइजिंग राजस्थान' समिट से पहले जयपुर परकोटे को निखारेगा हैरिटेज नगर निगम

## आयुक्त अरूण कुमार हसीजा ने निगम अधिकारियों के साथ किया शहर में निरीक्षण

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में 9 से 11 दिसंबर तक होने वाले 'राइजिंग राजस्थान' इन्वेस्टमेंट समिट से पहले जयपुर परकोटे की साफ-सफाई और यहां रंग-रोगन करवाने का काम होगा। हैरिटेज निगम आयुक्त अरूण कुमार हसीजा ने बुधवार को समिट की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की और इसके बाद परकोटा क्षेत्र का दौरा कर हालात भी जांचे।

आयुक्त अरुण हसीजा ने अफसरों से कहा कि, राइजिंग राजस्थान समिट में देश-विदेश से आमंत्रित अतिथि जयपुर आएंगे। इन मेहमानों को जयपुर की सौंदर्यता दिखे और वे गुलाबीनगरी की सुंदर छवि लेकर अपने साथ लौटें, इसी मंशा के साथ सभी लोग काम करें।

इसके लिए शहर की सफाई व्यवस्था सुधारें। विशेष तौर पर दिल्ली रोड, आमेर, जलमहल, हवामहल, जय निवास उद्यान, पौंड्रिक पार्क और ताल कटोरा जैसे पर्यटन स्थलों की सफाई व्यवस्था मजबूत की जाएं।

आयुक्त अरुण हसीजा ने सड़क की वाल पेंटिंग, सफाई व्यवस्था, रोड डिवाइडर पर पौधों की छंटाई के कार्य को भी समय पर पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने हैरिटेज निगम मुख्यालय में राइजिंग राजस्थान को लेकर नियंत्रण कक्ष स्थापित करने के लिए कहा, जो कि 24 घंटे काम करेगा।

इसके अलावा निगम की इंजीनियरिंग विंग को भी सड़क, डिवाइडर और जाली से संबंधित मरम्मत के कार्य समय पूर्व करने के निर्देश दिए। दिल्ली रोड पर सड़क पर अस्थाई अतिक्रमण हटाने के लिए पुलिस प्रशासन से साथ संयुक्त अभियान चलाने के लिए भी उपायुक्त सतर्कता शाखा को निर्देश दिया।



हैरिटेज नगर निगम आयुक्त अरूण कुमार हसीजा ने बुधवार को अधिकारियों के साथ जयपुर परकोटा क्षेत्र में सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

- 'राइजिंग राजस्थान' आयोजन के लिए हैरिटेज निगम बनाएगा अस्थाई नियंत्रण कक्ष
- आमेर, जलमहल, हवामहल, जय निवास उद्यान, पौंड्रिक पार्क और ताल कटोरा जैसे पर्यटन स्थलों की साफ-सफाई के लिए विशेष इंतजाम होंगे

### परकोटे में दुकानों के नामों में हों एकरूपता

आयुक्त अरुण हसीजा ने कहा कि जयपुर की विरासत और वैभव गुलाबी रंग से जुड़ी हुई है। ऐसे में विशेष तौर पर परकोटे के बाजारों में दुकानों का नाम नियम के अनुसार एक जैसा ही लिखा जाएं, जो कि सफेद पट्टी पर काले रंग से नाम लिखा जाता है। उन्होंने निगम अधिकारियों को सभी व्यापारियों से नियमानुसार दुकान का नाम लिखने की समझाइश के लिए भी कहा।

बैठक के तुरंत बाद आयुक्त ने क्षेत्र का दौरा भी किया। आयुक्त अरुण हसीजा ने चौड़ा रास्ता, त्रिपोलिया बाजार, अजमेरी गेट, जौहरी बाजार, बड़ी चौपड़, सुभाष चौक, आमेर रोड, रामगढ़ मोड और जल महल का निरीक्षण किया। इस दौरान कुछ जगहों पर गंदगी देख संबंधित अधिकारी को सख्त निर्देश देकर सफाई व्यवस्था मजबूत करने के लिए निर्देश दिए। जल महल की पाल पर टूटी टाइल को ठीक करने और सफाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त आयुक्त सुरेंद्र सिंह यादव, उपायुक्त सतर्कता पुष्पेंद्र सिंह राठौड़, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रवन कुमार वर्मा, जोन उपायुक्त व अन्य निगम अधिकारी मौजूद रहे।

### समिट के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

जयपुर। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट को लेकर हैरिटेज निगम आयुक्त अरुण कुमार हसीजा ने नोडल अधिकारी नियुक्त किए है। सांगानेरी गेट से जौहरी बाजार, हवा महल तक निधि सिंह, हवा महल से जोरावर सिंह गेट तक सरिता मल्होत्रा, जोरावर सिंह गेट से जल महल, आमेर तक कविता चौधरी, अजमेरी गेट से सांगानेरी गेट तक जनार्दन शर्मा और आमेर फोर्ट से दिल्ली रोड और ट्रांसपोर्ट नगर तक युगांतर शर्मा को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार सड़क मरम्मत, सुधारीकरण, सौंदर्यीकरण और साफ सफाई जैसे कार्यों की व्यवस्था के लिए क्षेत्रवार नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

## हाईकोर्ट ने ए.सी.बी. और डी.ओ.आई.टी. से जवाब मांगा

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने राजकॉम्प इन्फो सर्विसेज लिमिटेड के एक अधिकारी के खिलाफ दी गई शिकायत पर कार्रवाई नहीं करने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार और एसीबी से जवाब मांगा है। जस्टिस आशुतोष कुमार ने यह आदेश टीएन शर्मा की याचिका पर प्रांरभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता पीसी भंडारी ने बताया कि याचिकाकर्ता ने एसीबी में शिकायत दी थी कि राजकॉम्प के एक अधिकारी ने निजी कंपनियों से मिलीभगत कर अपनी पत्नी को नौकरी में दिखाकर लाखों रुपए का भुगतान उसके बैंक खाते में लिया है। इसके बावजूद एसीबी ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। जब एसीबी से इसका कारण पूछा तो जानकारी मिली की जांच की स्वीकृति के लिए प्रकरण राज्य सरकार के समक्ष भेजा गया है। इसे चुनौती देते हुए कहा गया कि प्रकरण लाखों रुपए की रिश्वत से जुडा हुआ है और राज्य सरकार पीसी एक्ट की धारा 17 ए की आड में जांच की अनुमति नहीं दे रही है। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

## हाऊसिंग बोर्ड में कर्मचारियों का विरोध-प्रदर्शन

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड के कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारियों ने बुधवार को मुख्यालय भवन में धरना-प्रदर्शन कर विरोध जताया। इस दौरान भोजन अवकाश के दौरान गेट मीटिंग की गई।

महामंत्री प्रदीप शर्मा एवं संयुक्त महामंत्री गोविन्द नाटाणी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा हाऊसिंग बोर्ड पर बेवजह का वित्तीय भार डाला जा रहा है। जिससे मण्डल की आर्थिक स्थिति प्रतिदिन कमजोर हो रही है। सवाई मानसिंह अस्पताल के आई.पी.डी. टॉवर निर्माण के लिए सर्वप्रथम 100 करोड रूपये हिस्सा राशि निर्धारित की गई थी। जिसे बढाकर 368 करोड रूपये कर दिया। इसी प्रकार राजस्थान शहरी विकास निधि को 300 करोड रूपये देने के निर्देश दिये जा रहे है। आये दिन मण्डल की बेशकीमती भूमि गैर रिहायशी उपयोग के लिए हथियाई जा रही है। जिससे मण्डल की स्थिति डांवाडोल हो रही है।

संघ के प्रदेशाध्यक्ष दशरथ सिंह राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मण्डल को 544.44 करोड रूपये की भूमि नि:शुल्क उपलब्ध कराई जानी थी, लेकिन आज तक इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं हुई। हमने राज्य सरकार तथा मण्डल प्रशासन को चेताया है कि यदि सरकार द्वारा मण्डल पर इसी तरह दमनकारी नीतियां लागू की गई तो संघ इसे बर्दाश्त नहीं करेगा और बोर्ड की रक्षा के लिये एक बडे आंदोलन की ओर अग्रसर होगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## सार-समाचार

### सिख गुरुओं ने हिंदू समाज और मंदिरों की रक्षा के लिए बलिदान दिया था : अजय सिंह

**जयपुर** । कनाडा में मंदिरों एवं हिन्दुओं पर हुए हमले के बाद राजस्थान सिख समाज के अध्यक्ष सरदार अजय पाल सिंह के नेतृत्व में राजा पार्क स्थित गुरुद्वारे में सभी गुरुद्वारों की प्रबंधक कमेटियों और समस्त सामाजिक, धार्मिक, जत्थेबन्दियों की एक मीटिंग आयोजित की गई। जिसमें सिख समाज के 100 से अधिक प्रबुद्धजनों ने भाग लिया। सभी ने कनाडा में खालिस्तानियों द्वारा हिन्दू मंदिरों पर हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। राजस्थान सिख समाज के अध्यक्ष सरदार अजय पाल सिंह ने कहा कि सिख समाज के सभी गुरुओं ने हिन्दू मंदिरों एवं समाज की रक्षा के लिए बलिदान किया है, सिख समाज कभी भी हिन्दू विरोधी नहीं रहा। सिख समाज सभी हिन्दू देवी देवताओं की पूजा करता है।

### 9477 विद्युत शिकायतों का निस्तारण

**जयपुर** (कासं) । जयपुर डिस्कॉम द्वारा उपभोक्ताओं की विद्युत समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए माह के दूसरे व चतुर्थ मंगलवार को सहायक अभियन्ता कार्यालयों में जनसुनवाई शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत अब तक आयोजित शिविरों में विभिन्न प्रकार की 9477 विद्युत शिकायतों का शिविर स्थल पर ही निस्तारण कर उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की गई। आगामी शिविरों का आयोजन मंगलवार 12 नवम्बर को किया जाएगा। डिस्कॉम चेयरमैन व जयपुर डिस्कॉम की प्रबन्ध निदेशक आरती डोगरा ने बताया कि इन शिविरों का आयोजन इसलिए किया जा रहा है कि उपभोक्ताओं की बिजली शिकायतों का एक ही स्थान पर शीघ्र निस्तारण हो सके। प्रभावी मॉनिटरिंग व शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए सम्बन्धित सर्किल के अधीक्षण अभियन्ता एवं अधिशाषी अभियन्ता को भी जनसुनवाई शिविरों में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। जयपुर डिस्कॉम के सहायक अभियन्ता कार्यालयों में मंगलवार 27 अगस्त, 10 व 24 सितम्बर एवं 10 व 22 अक्टूबर, 2024 को आयोजित 1080 जनसुनवाई शिविरों में कुल 9595 शिकायतें प्राप्त हुई थी, जिसमें से 9477 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की गई। जिन शिकायतों का शिविर स्थल पर निस्तारण नही हो सका, उनका भी शीघ्र ही निस्तारण कर दिया जाएगा।

### पंचवटी सर्किल पर लगाए जाएंगे कैमरे

**जयपुर** । राजापार्क पंचवटी सर्किल पर मूव एंड टॉक मोबाइल शॉप पर कल रात को हुई 2 करोड़ रुपये के मोबाइल फोन की चोरी की वारदात की जानकारी मिलने पर मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ मौके पर पहुंचे एवं दुकान मालिक रविंद्र सिंह से घटना की पूरी जानकारी ली। सराफ ने पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज, डीसीपी तेजस्विनी गौतम से फोन पर बात करके जल्दी से जल्दी अपराधियों को पकड़ने के लिए कहा। मौके पर मौजूद थाना अधिकारी शेषनारायण ने आश्वस्त किया कि जल्दी से जल्दी अपराधियों को पकड़ लिया जायेगा। नटवर कुमावत ने बताया कि स्थानीय व्यापारियों की मांग पर पंचवटी चौराहा मार्केट में विधायक सराफ ने सीसीटीवी कैमरे लगवाये जाने की घोषणा की। इस अवसर पर जयपुर शहर उपाध्यक्ष ब्रह्माकुमार सैनी, स्थानीय पार्षद स्वाती परनामी, महेश सैनी, लक्ष्मण नुनीवाल, पूर्व पार्षद देवेंद्र सिंह शंटी, चंद्र भाटिया, अशोक भगत, खुशविंदर सिंह, दलजीत सिंह, हरभजन सिंह, चिराग भाटिया एवं स्थानीय व्यापारी मौजूद थे।

### पेयजल आपूर्ति में आंशिक देरी होगी

**जयपुर** । बीसलपुर जयपुर पेयजल परियोजना के अन्तर्गत 700 एम.एम व्यास की एम एस ट्रांसमिशन लाइन को बदलने का कार्य जमनालाल बजाज मार्ग पर जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा रेलवे क्रॉसिंग पर पुलिया का निर्माण किया जा रहा है जिसके कारण जयपुर शहर के सिविल लाइन, शांति नगर एवं सी स्कीम क्षेत्र में 8 नवम्बर शुक्रवार को प्रात: कालीन होने वाली पेयजल सप्लाई में सिविल लाइन, शांति नगर एवं सी स्कीम क्षेत्र में 8 नवम्बर शुक्रवार को प्रात: कालीन आपूर्ति में आंशिक देरी होने की संभावना रहेगी। अतिरिक्त मुख्य अभियंता क्षेत्र जयपुर (द्वितीय) शुभाँशु दीक्षित ने बताया कि इस क्षेत्र के प्रभावित आमजन समुचित मात्रा में पेयजल का संग्रहण कर ले ताकि उन्हें किसी भी तरह की समस्या नहीं आए। उन्होंने बताया कि पुरानी लाइन से सम्बन्ध विच्छेद कर बंद किये जाने का कार्य 7 नवम्बर को रात्रि 9 बजे से 8 नवम्बर को प्रात: 7 बजे तक किया जाएगा।

### पेंशनर्स के लिए शिविर 11 नवंबर को

**जयपुर**। राज्य के पेंशनरों को 30 नवंबर तक अपने जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने हैं। यह प्रमाण पत्र समय पर प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में पेंशन रुक सकती है। राजस्थान पेंशनर समाज के प्रदेश महामंत्री किशन शर्मा ने बताया कि राजस्थान पेंशनर समाज के अनुरोध पर निदेशक कोष एवम् लेखा ने आदेश जारी कर आगामी 11 नवंबर को राजस्थान पेंशनर समाज के सहयोग से सभी कोष एवम् उप कोष कार्यालयों में विशेष शिविर आयोजित कर पेंशनरों एवं फैमिली पेंशनर्स को जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में सहयोग हेतु निर्देशित किया है। शर्मा ने राज्य के सभी पेंशनरों और फैमिली पेंशनर्स से अनुरोध किया है कि वे इन शिविरों का लाभ उठाएं और शीघ्र अपना जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर दें । तथा पेंशनर समाज के सभी जिलाध्यक्षों उपशाखा अध्यक्षों से अनुरोध किया है कि वे अपने यहां कोषाधिकारी से संपर्क कर शिविर आयोजित करवाएं और प्रयास करें कि पेंशनरों का इसका अधिक से अधिक लाभ मिले ।

### छह वर्षीय बालिका से दुष्कर्म

**जयपुर** । रामगंज थाना इलाके में एक छह वर्षीय बालिका से नाबालिग द्वारा रेप करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार न्यू इंद्रा कॉलोनी जल महल रोड निवासी एक व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया कि वह घाटगेट बाजार में सब्जी का ठेला लगाता है। उसके साथ ही ठेला लगाने वाला एक नाबालिग उसकी छह वर्षीय बेटी को अकेला पाकर ले गया और उसके साथ गोदाम में ही दुष्कर्म किया। इसके बाद वह बालिका को वापस घर पर छोड़ गया। बालिका ने दर्द होने की शिकायत परिजनों को की और आरोपी की करतूत की भी जानकारी दी। इस पर परिजन बालिका को लेकर अस्पताल पहुंचे और जांच करवाई। जांच के बाद परिजनों ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना पांच नवम्बर की दोपहर एक बजे घाटगेट बाजार के एक गोदाम की है।

### महिला के गले से सोने की चेन तोड़ी

**जयपुर** । विद्याधर नगर थाना इलाके में बाइक सवार एक बदमाश महिला के गले पर झपट्टा मार कर सोने की चेन डायमंड पेडेंट के साथ तोड़कर ले गया। पुलिस के अनुसार शिव शक्ति पैराडाइज सेंट्रल स्पाइन निवासी महेंद्र कुमार ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी पत्नी राजुल तापडिया किसी काम से बाजार गई थी। रावणा राजपूत अपार्टमेंट के पास पीछे से बाइक सवार एक बदमाश आया और उसकी पत्नी के गले पर झपट्टा मार कर सोने की चेन डायमंड पेडेंट के साथ तोड़कर ले गए। इस अप्रत्याशित घटना में महिला कुछ समझ पाती तब तक बदमाश तेज गति से बाइक चलाकर गलियों में ओझल हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### समय पूछने के बहाने मोबाइल छीना

**जयपुर** । संजय सर्किल थाना इलाके में समय पूछने के बहाने दो बदमाश एक युवक के हाथ मोबाइल छीनकर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार श्योचंदा विहार मीनावाला निवासी विरेंद्र सिंह ने मामला दर्ज करवाया कि वह किसी काम से स्टेशन रोड गया था। वहां पर दो युवकों ने उससे समय पूछा। इस पर वह मोबाइल निकाल कर युवकों को समय बताने लगा तो बदमाश उससे मोबाइल छीनकर भाग निकले। घटना छब्बीस अक्टूबर की है। इस पर पीड़ित ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ध्यान बंटा कर कार से मोबाइल चुराया

**जयपुर** । राजधानी में एक बार फिर से टक-टक गिरोह सक्रिय हो गया है। बजाज नगर थाना इलाके में स्थित गोपालपुरा पुलिया के नीचे टक-टक गिरोह ने चालक का ध्यान बंटा कर कार से आईफोन पार कर लिया। पुलिस के अनुसार विश्वेसरिया नगर गोपालपुरा रोड निवासी विवेक खंडेलवाल ने मामला दर्ज करवाया कि वह घर से बाजार जा रहा था। इसी दौरान गोपालपुरा पुलिया के नीचे बत्ती पर रुका था। बत्ती पर रुकने के दौरान एक युवक ने कार का शीशा बजाया। शीशा खोलने पर उसने एक्सीडेंट की बात कहीं। इसी दौरान एक दूसरा युवक भी आ गया और उससे बात करने लगा। ध्यान हटते ही गिरोह का एक सदस्य आईफोन लेकर फरार हो गया।

## सड़कों पर गंदगी देखकर नाराज हुई कुसुम यादव



**जयपुर** । हैरिटेज निगम महापौर कुसुम यादव ने मंगलवार देर रात बाद शहर में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया।

इस दौरान महापौर ने नेहरू बाजार, छोटी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, बड़ी चौपड़, रामगंज, आमेर रोड, जल महल, ब्रह्मपुरी आदि जगहों पर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। कई जगहों पर कचरा देख महापौर नाराज भी हुई, उन्होंने संबंधित मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक को सफाई व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए। वहीं, नाइट स्विपिंग के तहत निगम द्वारा की का रही सफाई व्यवस्था में लगे सफाई कर्मियों की हाजिरी भी चैक की।

महापौर कुसुम यादव ने बताया कि आगामी महीने में प्रस्तावित राइजिंग राजस्थान आयोजन में देश-विदेश से अतिथि जयपुर को निहारने आयेंगे। ऐसे में वे शहर की अच्छी इमेज लेकर अपने साथ जाएं, इसके लिए हेरिटेज निगम अलर्ट मोड पर है। सड़कों पर कचरा फैला हुआ है, ऐसे में सभी अधिकारियों को निर्देश दिए है, कि वे ऑफिस के बजाए फिल्ड में जाकर व्यवस्था को सुदृढ़ बनाएं। वे खुद भी औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा ले रही है। जहां भी गंदगी पाई जाएगी, संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

## जयपुर डेयरी ने शुरू की 'सरस घी' फ्री होम डिलीवरी

**जयपुर**। जयपुर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, (जयपुर डेयरी) के द्वारा सरस उपभोक्ताओं तक शादी समारोह एवं अन्य आयोजनों में उपभोक्ताओं के घर तक सरस घी पहुंचाने की शुरूआत की गई। प्रथम सरस घी फ्री होम डिलीवरी स्कीम की शुरूआत आर.सी.डी.एफ. प्रशासक एवं प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज तथा जयपुर डेयरी के प्रबन्ध संचालक मनीष फौजदार ने डिलीवरी वाहन को हरी झण्डी दिखाकर की। जयपुर डेयरी के प्रबन्ध संचालक मनीष फौजदार ने बताया कि इस योजना के पहले दिन सरस उपभोक्ताओं में उत्साह दिखा एवं उपभोक्ताओं को इस स्कीम के तहत पहले दिन ही 900 किलो घी की मांग हुई है। प्रबन्ध संचालक ने बताया कि शहर के उपभोक्ताओं सरस घी की फ्री होम डिलीवरी की सुविधा लेने के लिए बुकिंग प्रात: 6 बजे से दोपहर 2 और दोपहर 2 से रात्रि 10 बजे के मध्य दो पारियों में टेलिफोन नम्बर 0141-2713672 एवं मोबाईल नम्बर 7240463906 पर करा सकते है।

## 'लिक्विड बायोप्सी जांच से कैंसर की जल्द पहचान'

**जयपुर** । कैंसर की प्रारंभिक पहचान के लिए एक नई तकनीक, जिसे लिक्विड बायोप्सी कहा जाता है, कैंसर की जांच के क्षेत्र में क्रांति ला रही है। इस तकनीक की सहायता से रोगियों के रक्त के नमूने से ही कैंसर के संकेत प्राप्त किए जा सकते हैं, जिससे पारंपरिक बायोप्सी की आवश्यकता कम हो जाती है।

भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के मेडिकल ऑन्कोलॉजी के निदेशक डॉ. अजय बापना ने बताया कि लिक्विड बायोप्सी एक ऐसी विधि है जो शरीर के विभिन्न अंगों में मौजूद कैंसर कोशिकाओं के डीएनए के छोटे टुकड़ों का पता लगाती है। पारंपरिक बायोप्सी में प्रभावित ऊतकों का नमूना लिया जाता है, जो अक्सर दर्दनाक और जटिल होता है। वहीं, लिक्विड बायोप्सी रक्त के नमूने से ही कैंसर का पता लगाने में सक्षम होती है, जो इसे न केवल आसान बल्कि कम जोखिम भरा भी बनाती है। लिक्विड बायोप्सी कैंसर की जांच के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है जो आने वाले समय में कैंसर की शुरुआती पहचान और



बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इससे न केवल मरीजों को राहत मिलेगी बल्कि कैंसर के खिलाफ लड़ाई में भी यह एक बड़ा कदम साबित हो सकती है।

उन्होंने भारत में धीरे-धीरे लिक्विड बायोप्सी तकनीक का विस्तार हो रहा है। चिकित्सालय के रोगियों को यह सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सैम्पल दिल्ली, बेंगलुरु और अहमदाबाद की लैब में प्रोसेस होने के लिए भेजा जाता हैं। ताकि मरीजों को समय पर और सरल तरीकों से कैंसर की पहचान और उपचार मिल सके। आने वाले वर्षों में यह तकनीक कैंसर स्क्रीनिंग का एक मुख्य साधन बन जाएगी और कैंसर से होने वाली मृत्यु दर को कम करने में सहायक होगी।

## 'जरूरतमंदों तक पहुंचाएं सरकारी स्कीम का लाभ'

**जयपुर** (कासं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के निदेशक बचनेश कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में बुधवार को विभिन्न योजना प्रभारियों व जिलाधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक हुई। उन्होंने अफसरों की कार्य-प्रणाली पर नाराजगी जताते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ सही जरूरतमंद व्यक्ति को मिलना चाहिए।

अग्रवाल ने सभी जिलाधिकारियों को छात्रवृत्ति योजना के तहत लंबित आवेदनों और छात्रवृत्ति संबंधित आपत्तियों का निस्तारण प्रभावी तरीके से करने के निर्देश दिए। उन्होंने 75 प्रतिशत से कम छात्रवृत्ति के लंबित प्रकरणों का निस्तारण करने वाले जिलाधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति पोर्टल पर अधिक से अधिक शैक्षिणक संस्थाओं का रजिस्ट्रेशन करवाए। लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रेषित करने और एट्रोसिटी से संबंधित लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन और पालनहार योजना में वार्षिक भौतिक सत्यापन से शेष रहे प्रकरणों का समयबद्ध सत्यापन किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा से अनुमोदन के बाद ही पेंशनर्स की पेंशन बंद करने या उसका नाम हटाने की प्रक्रिया अपनाई जाए। इसके अतिरिक्त अग्रवाल ने नशा मुक्त भारत अभियान, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, कर्मयोगी पोर्टल पर पंजीकरण, संपर्क पोर्टल, ई फाइलिंग के निस्तारण किया जाये।

## गलता तीर्थ पर छठ पूजा की तैयारियों में जुटा प्रशासन

### जयपुर कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र सोनी का दावा है कि ''मंदिर ठिकाना गलताजी में कार्यरत सभी स्टाफ के बैंक खातों में वेतन जमा करवा दिया गया है''

**जयपुर** (कासं)। आगामी छठ पूजा के पर्व को देखते हुए जयपुर जिला प्रशासन ने मंदिर ठिकाना गलता जी परिसर में आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि मंदिर ठिकाना गलता जी में कार्यरत समस्त स्टाफ द्वारा उपलब्ध कराये गये बैंक खातों में वेतन जमा कराया जा चुका है। उनके बैंक खातों एसबीआई, आईसीआईसीआई, एचडीएफसी बैंक, इलाहाबाद बैंक, यूको बैंक, यूनियन बैंक, आदि बैंकों में विभिन्न बैंकों में है। जिसकी पुष्टि उनके द्वारा किये जाने पर बकाया भुगतान की राशि भी शीघ्र उनके बैंक खातों में जमा



करा दी जावेगी। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा छठ पूजा के लिए मंदिर परिसर में जिला प्रशासन का कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। चिकित्सा विभाग की टीमों की तैनाती की गई है। मंदिर की सजावट एवं लाइटिंग के साथ-साथ मंदिर परिसर में साफ-सफाई हेतु व्यापक स्टाफ भी लगाया जा चुका है। उन्होंने बताया कि देवस्थान विभाग द्वारा भी छठ पूजा हेतु अपने कर्मियों को लगाया जा चुका है। दर्शनार्थियों की सुविधा एवं सुरक्षा हेतु पर्याप्त मात्रा में पुलिस स्टाफ को लगाया गया है एवं सिविल डिफेन्स द्वारा कुण्डों पर गोताखोरों को तैनात किया है। जलदाय विभाग द्वारा पीने के पानी की व्यवस्था भी की गई है। सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण उपखण्ड अधिकारी करेंगे।

- जिला प्रशासन ने मंदिर परिसर में लाइटिंग, सफाई की, कुंड पर तैनात किये गोताखोर

## श्रीराम कथा महोत्सव की कलश यात्रा में जुटी 11 हजार महिलाएं

### 31 बग्गियों के शाही लवाजमे के साथ निकली भव्य यात्रा, हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा भी की गई



**जयपुर** । विद्याधर नगर स्टेडियम में 7 से 15 नवंबर तक श्री बालाजी गौशाला संस्थान एवं विद्याधर नगर स्टेडियम आयोजन समिति द्वारा राम कथा महोत्सव होगा। इससे पहले बुधवार को जगत गुरु रामभद्राचार्य महाराज की मौजूदगी में विशाल कलश शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें 11 हजार महिलाएं पारंपरिक परिधान में त्रिवेणी संगम के जल से भरे हुए मंगल कलशो को अपने मस्तिष्क पर धारण कर गंगा मैया के जयकारों के साथ कलश यात्रा में शामिल हुई।

कलश यात्रा आदर्श विद्या मंदिर अंबाबाड़ी से प्रारंभ होकर विद्याधर नगर नेशनल हैंडलूम से मुख्य मार्गो से होते हुए कथा स्थल पहुंची। ऐसा लग रहा था कि मानो स्वयं श्री राम नगर भ्रमण पर निकले हो। करीब 31 बग्गियों के शाही लवाजमे के साथ 5 किलोमीटर लंबी यात्रा जिसमें ऊंट,घोड़े, हाथी व सभी रथो पर साधु-संत विराजमान बीच में स्वर्ण जडित रथ में पद्म विभूषण तुलसी पीठाधीश्वर जगतगुरु रामभद्राचार्य महाराज आरूढ़ होकर सभी भक्तों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए चल रहे थे। शोभा यात्रा के मार्ग में हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा के माध्यम से भक्तो का स्वागत किया जा रहा था। यात्रा मार्ग में 51 हजार भगवा गुब्बारे भी आसमान से छोडे गए जिससे पूरा मार्ग भगवामय हो गया। करीब 5 किलोमीटर से अधिक दूरी की शोभायात्रा में कलश लिये हुये मातृशक्ति की भक्तिमय आस्था ने नगर को राममय बना दिया।

इस दौरान रामचंद्र दास महाराज, कार्यक्रम संयोजक राजन शर्मा, श्री बालाजी गौशाला संस्थान अध्यक्ष रवि शंकर पुजारी, आयोजन समिति सचिव अनिल संत, पंकज गोयल, गोपेश शर्मा, जगदीश चौधरी अनेक साधु संत सहित हजारों लोग उपस्थित रहे।